रौल नं०......................................नाम परीक्षार्थी..................................................

IX-10 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई० A

# सामाजिक विज्ञान (केवल एक प्रश्न–पत्र)

समय – 3:15 घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक – 70

निर्देशः–(i) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों (क) एवं (ख) में विभाजित है। (ii) खण्ड– ख में दो खण्ड (अ) एवं (ब) तथा मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न हैं। (iii) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

## खण्ड–क

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका पर लिखिए।

1. फ्रांसीसी क्रान्ति कब प्रारम्भ हुई थी :– 1
(क) 1787 ई. में (ख) 1789 ई. में (ग) 1792 ई. में (घ) 1795 ई. में।

2. बास्तलीन का पतन कब हुआ :– 1
(क) 5 मई, 1789 ई. को (ख) 20 जून, 1789 ई. को
(ग) 30 जून, 1789 ई. को (घ) 14 जुलाई, 1789 ई. को।

3. रूस की क्रान्ति का प्रमुख नेता कौन था :– 1
(क) लेनिक (ख) स्टालिन (ग) गोर्की (घ) टॉलस्टॉय।

4. 'रेड' के नाम से किन्हें जाना जाता था :– 1
(क) रूढ़िवादियों का (ख) मेन्शेविको को (ग) उदारवादियों को (घ) बोल्शेविको

5. द्वितीय विश्व युद्ध कब प्रारम्भ हुआ :– 1
(क) 1914 में (ख) 1919 में (ग) 1939 में (घ) 1945 में

6. चीनी संसद का क्या नाम है :– 1
(क) राष्ट्रीय जन समिति (ख) राष्ट्रीय जन सम्मेलन
(ग) नई जन ससंद (घ) राष्ट्रीय जन संसद।

7. किस देश में महिलाओं को मतदान का अधिकार नहीं है :– 1
(क) एस्टोनिया (ख) सऊदी अरब (ग) फिजी (घ) मैक्सिको।

8. भारत के संविधान का प्रारूप तैयार करने वाली समिति के अध्यक्ष थे :– 1
(क) पं. मोती लाल नेहरू (ख) जवाहरलाल नेहरू
(ग) डॉ. बी.आर. अम्बेडकर (घ) सच्चिदानन्द सिन्हा।

9. भारतीय संविधान का निर्माण करने वाली सभा में कितने सदस्य थे :– 1
(क) 260 (ख) 240 (ग) 299 (घ) 340

10. देश के चुनाव करवाने का दायित्व किसका है :– 1
(क) राष्ट्रपति (ख) संसद (ग) चुनाव आयोग (घ) नीति आयोग

11. कर्क रेखा किस राज्य से नहीं गुजरती है :– 1
(क) राजस्थान (ख) उड़ीसा (ओडिशा) (ग) छत्तीसगढ़ (घ) त्रिपुरा।

12. भारत का कुल क्षेत्रफल है :– 1
(क) 22.8 लाख वर्ग किमी (ख) 30.8 लाख वर्ग किमी
(ग) 32.8 लाख वर्ग किमी (घ) 40.8 लाख वर्ग किमी।

13. गोवा के दक्षिण में स्थित पश्चिम तटीय पट्टी :– 1
(क) कोरोमण्डल (ख) कन्नड़ (ग) कोकण (घ) उत्तरी सरकार

14. पश्चिमी घाट का सबसे ऊँचा शिखर है :– 1
(क) अनाईमुडी (ख) शिवालिकं (ग) महेन्द्रगिरी (घ) कोई नहीं।

15. पश्चिम बंगाल का 'शोक' किस नदी को कहा जाता है :– 1
(क) दामोदर नदी (ख) सिन्धु नदी (ग) तापी नदी (घ) नर्मदा।

16. पालमपुर गाँव में हाई स्कूल कितने है :– 1
(क) एक (ख) दो (ग) तीन (घ) पाँच।

17. आवश्यकताओं को सन्तुलित करने की शकित क्या कहलाती है :– 1
(क) विनिमय (ख) वितरण (ग) उपयोगिता (घ) उपभोग।

(पृष्ठ पलटिए)

18. एक वर्ष में किसी भूमि पर एक से अधिक फसल पैदा करने को क्या कहते है :- 1
(क) खेती (ख) पैदावार
(ग) एकल फसल प्रणाली (घ) बहुविधि फसल प्रणाली

19. विनिर्माण उद्योगं किस क्षेत्रक के अन्तर्गत आते है :- 1
(अ) प्राथमिक क्षेत्र (ब) द्वितीयक क्षेत्र
(स) तृतीयक क्षेत्र (द) इनमें से कोई नहीं।

20. निम्नलिखित में से कौन प्राथमिक गतिविधि नहीं है :- 1
(क) कृषि (ख) खनन (ग) उत्खनन (घ) बैंकिंग।

## खण्ड–ख

### उपखण्ड–अ

21. 18वीं शताब्दी में फ्रांस की सामाजिक दशा का वर्णन कीजिए। 4

**अथवा**

'बोल्शेविक' कौन थे? व्याख्या कीजिए।

22. हम 'गणतंत्र' दिवस क्यों मनाते हैं? 4

**अथवा**

'उपचुनाव' तथा 'मध्यावधि' चुनाव में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

23. $82^0 30'$ पूर्व देशान्तर को भारत की मानक याम्योत्तर क्यों माना गया है। 4

**अथवा**

कश्मीर भारत का स्विट्जरलैण्ड हैं, क्यों?

24. खेती की आधुनिक विधियों के लिए ऐसे अधिक आगतों की आवश्यकता होती है जिन्हें उद्योगों द्वारा विनिर्मित किया जाता है? क्या आप सहमत है? 4

**अथवा**

प्रच्छन्न और मौसमी बेरोजगारी में क्या अन्तर है?

### उपखण्ड – ब

25. समाजवाद से क्या तात्पर्य है? समाजवादी किस प्रकार का परिवर्तन चाहते थे? 6

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी की पराजय किन कारणों से हुई?

26. लोकतंत्र अपने नागरिकों से क्या अपेक्षाएँ रखता है? 6

**अथवा**

'संविधान सभा' से आप क्या समझते हैं? संविधान सभा के संगठन पर प्रकाश डालिए।

27. हिन्द महासागर में भारत की केन्द्रीय स्थिति से इसे किस प्रकार लाभ प्राप्त हुआ है? 6

**अथवा**

किस देश की अर्थव्यवस्था के लिए नदियाँ महत्वपूर्ण क्यों हैं?

28. उत्पादन किसे कहते हैं? उत्पादन के विभिन्न साधनों को समझाइए। 6

**अथवा**

मानव पूँजी निर्माण का अर्थ बताइए। आर्थिक विकास में इसका क्या महत्व है?

### (मानचित्र कार्य)

निम्नलिखित को दिये गए भारत के मानचित्र में उपयुक्त चिन्हों द्वारा नाम सहित प्रदर्शित कीजिए:- 10

29. (क) राजस्थान के मरूस्थल का नाम ▬ ▬
(ख) सिन्धु नदी ―――
(ग) गुजरात में स्थित खाड़ी का नाम ○
(घ) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह ⬡
(ङ) कावेरी नदी। ●

नाम परीक्षार्थी.................................अनुक्रमांक.............................

कृपया इस पन्ने को काटकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में सही ढंग से संलग्न करें।

